राजस्थान आई.एल.डी. कौशल विश्वविद्यालय

तृतीय तल, राजीव गाँधी विद्या भवन, शिक्षा संकुल परिसर
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर

दूरभाषः 0141. 2361116– 20 ईमेलः risujaipur@gmail.com वेब साईटः www.rajskills.edu.in

राजस्थान आई.एल.डी. कौशल विश्वविद्यालय का जेआरआर संस्कृत विश्वविद्यालय तथा एमडीएस विश्वविद्यालय के साथ एमओयू

रीसू के पाठ्यक्रम वर्तमान समय में बहुत उपयोगी

जयपुर, 04 जुलाई। राजस्थान आई.एल.डी. कौशल विश्वविद्यालय का जगतगुरू रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर तथा महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर के साथ एमओयू हुआ। दोनों विश्वविद्यालयों ने माना कि वर्तमान समय और कोरोना महामारी के इस दौर में राजस्थान आई.एल.डी. कौशल विश्वविद्यालय द्वारा संचालित किये जा रहे रोजगारोन्मुखी कोर्सेस बहुत उपयोगी है जो विद्यार्थियों को तत्काल रोजगार उपलब्ध कराने व उन्हें अपने पाँव पर खड़ा करने में सक्षम हैं।

राजस्थान आई.एल.डी. कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. ललित के. पंवार ने बताया कि कुलाधिपति एवं राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने इस विश्वविद्यालय द्वारा संचालित 119 कोर्सेस को युवाओं के भविष्य के लिए उपयोगी बताया और राज्य के सभी वित्त पोषित विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से रीसू के साथ एमओयू कर विद्यार्थियों को इसके रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों से जोड़ने को कहा है।

राजस्थान आई.एल.डी. कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. ललित के. पंवार तथा जगतगुरू रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति अनुला मौर्य ने विद्यार्थियों के शैक्षिक क्षेत्र में विस्तार करने और उन्हें रोजगारोन्मुखी बनाने हेतु एमओयू किया।

इसी प्रकार महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर और राजस्थान आई.एल.डी. कौशल विश्वविद्यालय के मध्य एमओयू हुआ जिस पर दोनों विश्वविद्यालयों के कुलसचिव ने हस्ताक्षर किये। महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर की ओर से प्रो. आशीष पारीक ने एमओयू प्रस्तुत किया। रीसू के कुलपति डॉ. ललित के. पंवार ने दोनों विश्वविद्यालयों को अपनी ओर से शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर जगतगुरू रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलसचिव, राजस्थान आई.एल.डी. कौशल विश्वविद्यालय के निदेशक कौशल शिक्षा प्रो. अशोक के. नगावत, कुलसचिव श्री देवेन्द्र शर्मा, वित्तीय सलाहकार श्री उम्मेद सिंह, परीक्षा नियंत्रक श्री पी.एम. त्रिपाठी, सम्पदा निदेशक श्री वी.के. माथुर मौजूद थे।

फोटो कैप्शनः–

1. राजस्थान आई.एल.डी. कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. ललित के. पंवार तथा जगतगुरू रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति अनुला मौर्य द्वारा एमओयू।
2. राजस्थान आई.एल.डी. कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. ललित के. पंवार की उपस्थिति में रीसू व महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर के मध्य एमओयू।